**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 12.11.2025**

## साइबर सेल थाना लिंक रोड पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल 70,000/- रुपये की धनराशि वापस करायी गयी।

दिनांक 09.11.2025 को आवेदक प्रशांत कौशिक पुत्र श्री दिनेश कौशिक निवासी पता- मण्डी समिति, साहिबाबाद थाना लिंक रोड गाजियाबाद के द्वारा थाना लिंक रोड पर वादी से ऑनलाइन लोन दिलवाने के नाम पर ठगी कर साइबर वित्तीय फ्रॉड कर लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत प्राप्त हुई।

### कार्यवाही का विवरणः-

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना लिंक रोड कमिश्नरेट गाजियाबाद में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदक को ऑनलाइन लोन दिलवाने के नाम पर ठगी कर साइबर वित्तीय फ्रॉड होने की शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर साइबर सेल थाना लिंक रोड कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वादी के साथ हुई ऑनलाइन ठगी की धनराशि को होल्ड कराया गया व अथक प्रयासों के बाद आज दिनांक 12.11.2025 को वादी के साथ हुई साइबर फ्रॉड की कुल 70,000/- रुपये की धनराशि को बैंक से पत्राचार कर वापस कराया गया।

### कार्यवाही करने वाली पुलिस टीमः-

साइबर सेल थाना लिंक रोड पुलिस टीम।

## साइबर सेल थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई कुल 50,000/- रुपये की धनराशि वापस करायी गयी।

दिनांक 03.11.2025 को आवेदिका मेनका प्रियदर्शिनी पत्नी कुंज बिहारी शर्मा निवासी पता सुपरटेक रेजीडेंसी सैक्टर-5 वैशाली थाना कौशाम्बी गाजियाबाद के द्वारा थाना कौशाम्बी पर आवेदिका ने ऑनलाइन 50,000/- रुपये टेंपो चालक को ट्रांसफर कर दिये गये थे तथा टेंपो चालक द्वारा पैसों की ठगी कर साइबर फ्रॉड कर लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत प्राप्त हुई।

### कार्यवाही का विवरणः-

साइबर क्राइम अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना कौशाम्बी कमिश्नरेट गाजियाबाद में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से आवेदिक से टेंपो चालक द्वारा ऑनलाइन 50,000/- रुपये की ठगी कर साइबर फ्रॉड होने की शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर साइबर सेल थाना कौशाम्बी कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए वादी के साथ हुई ऑनलाइन ठगी की धनराशि को होल्ड कराया गया व अथक प्रयासों के बाद आज दिनांक 12.11.2025 को वादी के साथ हुई साइबर फ्रॉड की कुल 50,000/- रुपये की धनराशि को बैंक से पत्राचार कर वापस कराया गया।

**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीमः-**

साइबर सेल थाना कौशाम्बी पुलिस टीम।

## थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

दिनांक 16.10.2025 को थाना मोदीनगर पर वादिया श्रीमती फरजाना पत्नी स्व0 श्री अहसान निवासी गली नं0 5 विश्वकर्मा बस्ती थाना मोदीनगर गाजियाबाद द्वारा तहरीर दी गई कि अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर वादिया के पति अहसान पर धारदार हथियार से हमला करना तथा अहसान द्वारा विरोध करने पर तमंचे से जान से मारने की नीयत से फायर कर उसकी हत्या कर देना। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मोदीनगर पर तत्काल सुसंगत धारा 191(2)/191(3)/190/333/115(2)/352/351(3)/103(1)/61(2) बी.एन.एस. के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा वाँछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया तत्पश्चात दिनांक 26.10.2025 को थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग मे अभियुक्त 01.मेजर उर्फ जावेद पुत्र आबिद 2. सुहेल पुत्र साबिर व दिनांक 30.10.2025 को अभियुक्त 3.रासिद पुत्र सियालत को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

आज दिनांक 12.11.2025 को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग में प्रकाश मे आये वांछित अभियुक्त अब्दुल्ला पुत्र इंसाफ निवासी रफीकनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड उम्र करीब 26 वर्ष को थाना क्षेत्र मोदीनगर से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुयी। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि दिनांक 16.10.2025 को बरामदशुदा बाइक से ही आकर विश्वकर्मा बस्ती मोदीनगर क्षेत्र में मैंने अपने साथियों के साथ मिलकर एक राय होकर अहसान की गोली मार कर हत्या कर दी थी और हम मौका देखकर वहां से भाग गये थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

अब्दुल्ला पुत्र इंसाफ निवासी रफीकनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड उम्र करीब 26 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना मोदीनगर पर उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है व जनपद हापुड मे चोरी के सम्बन्ध में 02 अभियोग व थाना खोडा गाजियाबाद में आर्म्स एक्ट का 01 अभियोग व दिल्ली में आर्म्स एक्ट का 01 अभियोग पंजीकृत है ( कुल अभियोग– 05 ) । अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

**वांछित अभियुक्तगण का नाम पता**

1. सादिम
2.पूजा किन्नर
3. मोमीन पुत्र शकूर निवासी नोएडा
4.नूरहसन पुत्र लाला
5. दानिश

**बरामदगी का विवरण-**

कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना मोदीनगर पुलिस टीम ।